HD-02

December - Examination 2018

B.A. Pt. I Examination

हिन्दी गद्य भाग–II (कथा साहित्य)

Paper - HD-02

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – 'अ' **10 × 2 = 20**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) 'सिंहासन बत्तीसी' के रचयिता कौन हैं?

(ii) 'उसने कहा था' कहानी किसने लिखी?

(iii) 'अकहानी' की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(iv) जयशंकर प्रसाद के किन्हीं दो उपन्यासों के नाम बताइए।

(v) सामाजिक उपन्यास किसे कहते हैं?

(vi) 'नीलकान्त का सफर' कहानी के रचयिता कौन हैं?

(vii) 'सचेतन' कहानी आन्दोलन के प्रस्तावक कौन थे?

(viii) मधुलिका 'पुरस्कार' में क्या माँगती है?

(ix) ''मेरा नाम है बारह सौ छब्बीस बटा सात'' परमात्मा का कुत्ता कहानी में यह वाक्य किसने किससे कहा?

(x) निम्न शब्दों के अर्थ बताइए।
अ) ताबेदार
ब) निर्मम

खण्ड – ब **4 × 10 = 40**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।

2) 'वापसी' कहानी के परिवेश चित्रण पर प्रकाश डालिए।

3) 'चीफ की दावत' नामक कहानी में शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी 'चीफ के दावत' की तैयारी कैसे कर रहे थे?

4) सप्रसंग व्याख्या कीजिए।
''वह भयभीत थी, पहला भय उसे अरुण के लिए उत्पन्न हुआ, यदि वह सफल न हुआ तो। फिर सहसा सोचने लगी – वह क्यों सफल हो? श्रावस्ती दुर्ग एक विदेशी के अधिकार में क्यों चला जाए। मगध का चित्र शत्रु ! ओह उसकी विजय!

5) सप्रसंग व्याख्या कीजिए।
''मिस्टर यहाँ से उठ नहीं सकेगा।'' वह आदमी बोला, ''मिस्टर यहाँ का बादशाह है। पहले मिस्टर देश के बेताज बादशाहों की जय बुलाता था। अब वह किसी की जय भी नहीं बुलाता। अब वह आप बादशह – 'बेताज बादशाह'। उसे कोई लाज – शरम नहीं है। उस पर किसी का हुक्म नहीं चलता। समझा चपरासी बादशाह।

6) 'उसने कहा था' कहानी की संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

7) ''उपन्यास कल्पना व यथार्थ के योग से मानव जीवन का वृहत्तर रूप प्रस्तुत करने की विधा है।'' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

8) 'पत्नी' कहानी में विद्यमान परिवेश (वातावरण) का उल्लेख कीजिए।

9) 'निर्मला' उपन्यास में निर्मला का चरित्र चित्रण कीजिए।

खण्ड – स $2 \times 20 = 40$

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

10) 'परमात्मा का कुत्ता' कहानी की संरचना और शिल्प का विश्लेषण कीजिए।

11) 'निर्मला' उपन्यास की अन्तर्वस्तु को स्पष्ट करते हुए उपन्यास में व्यक्त सामाजिक समस्याओं का विवेचन कीजिए।

12) 'नीलकान्त का सफर' कहानी की तात्विक समीक्षा कीजिए।

13) टिप्पणी लिखिए।

(i) 'आशा अमरधन' कहानी की संवेदना

(ii) 'पूस की रात' कहानी का प्रातिपाद्य

(iii) आंचलिक उपन्यास

(iv) पुरानी और नई कहानी में अन्तर